# प्री-बोर्ड परीक्षा – 2024 DAVV

समय : 3:15 घण्टा) कक्षा : 12 (पूर्णांक : 100

## विषय : सामान्य हिन्दी

**नोट- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

### खण्ड- क

1. (क) पूर्व भारतेन्दु युग के गद्य लेखक कौन नहीं हैं- 1

(अ) इंशा अल्ला खाँ (ब) मुंशी सदासुख लाल

(स) बालकृष्ण भट्ट (द) सदल मिश्र

(ख) 'नागरी प्रचारिणी सभा' की स्थापना किस युग में हुई- 1

(अ) भारतेन्दु युग (ब) द्विवेदी युग

(स) छायावाद युग (घ) छायावादोत्तर युग

(ग) 'मेरी असफलताएँ' किस विधा की रचना है- 1

(अ) जीवनी (ब) आत्मकथा (स) संस्मरण (द) रेखाचित्र

(घ) मुंशी प्रेमचन्द द्वारा लिखित उपन्यास कौन नहीं है- 1

(अ) गोदान (ब) सेवासदन (स) चन्द्रकांता सन्तति (द) गबन

(ङ) 'वसुधा' पत्रिका के सम्पादक कौन हैं- 1

2. (क) आदिकाल का नाम 'वीरगाथा काल' किसने दिया- 1

(अ) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(ब) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(स) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ख) रामभक्तिशाखा से सम्बन्धित कवि नहीं है- 1

(अ) नन्ददास (ब) तुलसीदास (स) अग्रदास (द) नाभादास

(ग) रीतिकाल की 'रीतिमुक्त' काव्यधारा के कवि नहीं है- 1

(अ) घनानन्द (ब) बिहारी (स) आलम (द) बोधा

(घ) 'तारसप्तक' का प्रकाशन किसने और कब किया- 1

(अ) मुक्तिबोध- 1943 (ब) प्रभाकर माचवे- 1953

(स) अज्ञेय- 1943 (द) राम विलास शर्मा- 1953

(ङ) 'रश्मिरथी' और 'परशुराम की प्रतीक्षा' नामक काव्यग्रन्थ के रचनाकार हैं-

(अ) मैथिलीशरण गुप्त (ब) सुमित्रानन्दन पंत

(स) जयशंकर प्रसाद (द) रामधारी सिंह 'दिनकर'

PDF Hindustanknowledge.com

3. निम्नलिखित गद्य अवतरण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×5=10

कभी-कभी अन्य संस्कृतियों के प्रभाव से और अन्य जातियों के संसर्ग से भाषा में नये शब्दों का प्रवेश होता है और इन शब्दों के सही पर्यायवाची शब्द अपनी भाषा में न प्राप्त हो तो उन्हें वैसे ही अपनी भाषा में स्वीकार करने में किसी भी भाषा-भाषी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। यही भाषा की सजीवता होती है। भाषा की सजीवता इस नवीनता को पूर्णतः आत्मसात् करने पर ही निर्भर करती है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) कभी-कभी भाषा में नये शब्दों का प्रवेश किस प्रकार होता है?

(ग) भाषा की सजीवता क्या है?

(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए

(ङ) 'संसर्ग' और 'सजीवता' शब्दों में क्रमशः उपसर्ग और प्रत्यय छाँटकर लिखिए।

अथवा

निन्दा का उद्‌गम ही हीनता और कमजोरी से होता है। मनुष्य अपनी हीनता से दबता है। वह दूसरों की निन्दा करके ऐसा अनुभव करता है कि वे सब निकृष्ट है और वह उनसे अच्छा है। उसके अहं की इससे तुष्टि होती है। बड़ी लकीर को कुछ मिटाकर छोटी लकीर बड़ी बनती है। ज्यों-ज्यों कर्म क्षीण होता जाता है, त्यों-त्यों निन्दा की प्रवृत्ति बढ़ती जाती है। कठिन कर्म ही ईर्ष्या-द्वेष और इनसे उत्पन्न निन्दा को मारता है।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) निन्दा का वास्तविक उद्‌गम मनुष्य की किस भावना से होता है?

(ग) मनुष्य के अहं की तुष्टि किससे होती है?

(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ङ) मनुष्य के अन्दर निन्दा की प्रवृत्ति कब बढ़ती जाती है?

4. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×5=10

हा! इसी अयश के हेतु जनन था मेरा,
निज जननी ही के हाथ हनन था मेरा।
अब कौन अभीप्सित और आर्य, वह किसका?
संसार नष्ट है भ्रष्ट हुआ घर जिसका।
मुझसे मैने ही आज स्वयं मुँह फेरा,
हे आर्य, बता दो तुम्हीं अभीप्सित मेरा?

PDF.Hindustanknowledge.com

प्रभु ने भाई को पकड़ हृदय पर खींचा,
रोदन जल से सविनोद उन्हें फिर सींचा
उसके आशय की थाह मिलेगी किसको?
जनकर जननी ही जान न पाई जिसको?

(क) उपर्युक्त पद्यावतरण का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) हे आर्य! बता दो तुम्हीं अभिप्सित मेरा? यह कथन किसने और क्यों कहा?

(ग) भरत के वचनों को सुनकर श्रीराम ने क्या कहा?

(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ङ) पद्यांश की अन्तिम पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए।

अथवा

साम्राज्यवाद था कंस, बन्दिनी
मानवता, पशु-बलाक्रान्त
शृंखला-दासता, प्रहरी बहु
निर्मम शासन-पदशक्ति-भ्रान्त
कारागृह में दे दिव्य जन्म
मानव आत्मा को मुक्त, कान्त,
जन-शोषण की बढ़ती यमुना
तुमने की नत, पद-प्रणत शान्त!

(क) उपर्युक्त पद्यावतरण का सन्दर्भ लिखिए।

(ख) प्रस्तुत पद्यांश के माध्यम से कवि ने किसका उल्लेख किया है?

(ग) गांधी जी के किन प्रयासों के द्वारा भारत को स्वतंत्रता प्राप्त हुई?

(घ) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ङ) 'कारागृह में दे दिव्य जन्म' इस पंक्ति से कवि का क्या आशय है?

5. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का साहित्यिक जीवन परिचय देते हुए उनकी प्रमुख रचनाओं का उल्लेख कीजिए- 5

(अ) वासुदेवशरण अग्रवाल (ब) प्रो. जी सुन्दर रेड्डी
(स) हरिशंकर परसाई

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय देते हुए उनकी प्रमुख कृतियों का उल्लेख कीजिए- 5

(अ) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(ब) जयशंकर प्रसाद (स) रामधारी सिंह 'दिनकर'

PDF Hindustanknowledge.com

6. 'पंचलाइट' अथवा 'बहादुर' कहानी का सारांश लिखिए। 5

अथवा

'ध्रुवयात्रा' अथवा 'पंचलाइट' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

7. 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग की कथा संक्षेप में लिखिए। 5

अथवा

'रश्मिरथी' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

## खण्ड- ख

8. (क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यावतरण का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए- 2+5=7

संस्कृतस्य साहित्यं सरसं, व्याकरणञ्च सुनिश्चितम्। तस्य गद्ये पद्ये च लालित्यं, भावबोधसामर्थ्यम्, अद्वितीयं श्रुतिमाधुर्यञ्च वर्तते। किं बहुना चरित्रनिर्माणार्थं यादृशी सत्प्रेरणा संस्कृतवाङ्मयं ददाति न तादृशीम् किञ्चिदन्यत्। मूलभूतानां मानवीयगुणानां यादृशी विवेचना संस्कृतसाहित्ये वर्तते नान्यत्र तादृशी। दया, दानं, शौचम्, औदार्यम्, अनुसूया, क्षमा अन्ये चानेके गुणाः अस्य साहित्यस्य अनुशीलनेन सञ्जायते।

अथवा

आधुनिके जगति पञ्चशीलसिद्धान्ताः नवीनं राजनैतिकं स्वरूपं गृहीतवन्तः एवं च व्यवस्थिताः-

(अ) किमपि राष्ट्रं कस्यचनान्यस्य राष्ट्रस्य आन्तरिक विषयेषु कीदृशमपि व्याघातं न करिष्यति।

(ब) प्रत्येकराष्ट्रं परस्परं प्रभुसत्तां प्रादेशिकीमखण्डताञ्च सम्मानयिष्यति।

(स) प्रत्येक राष्ट्रं परस्परं समानतां व्यवहरिष्यति।

(द) किमपि राष्ट्रमपरेण नाक्रंस्यते।

(य) सर्वाण्यपि राष्ट्राणि मिथः स्वां स्वां प्रभुसत्तां शान्त्या रक्षिष्यन्ति।

(ख) निम्नलिखित श्लोक का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए-

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम् । 2+5=7<br>
वर्जयेतादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ।।

अथवा

जयन्ति ते महाभागा जन-सेवा परायणाः।<br>
जरामृत्युभयं नास्ति येषां कीर्तितनोः क्वचित् ।।

PDF Hindustanknowledge.com

9. निम्नलिखित मुहावरों और लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ लिखते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए. 1+1=2

(क) ईद का चाँद होना (क) नाक का बाल होना।

(ग) डूबते को तिनके का सहारा (घ) कागा चला हंस की चाल

10. अपठित गद्यांश पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

अनुशासनबद्धता मानव-जीवन के मार्ग के बाधक नहीं अपितु उसको पूर्ण उन्नति तक पहुँचाने के लिए अनुकूल अवसर प्रदान करती है। अनुशासन के बिना तो मानव-जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। विद्यार्थी जीवन में तो अनुशासन का बहुत महत्व है। आज अनुशासनहीनता के कारण साल में छह महीने विद्यालयों में हड़तालें हो जाती है। तोड़-फोड़ करना तो विद्यार्थी का कर्तव्य बन गया है। छोटी-छोटी बातों में मारपीट हो जाती है। अतः हर मनुष्य का कर्त्तव्य है कि अनुशासन का उल्लंघन न करें। यह विचित्र होते हुए भी कितना सत्य है कि अनुशासन एक प्रकार का बंधन है परन्तु मनुष्य को स्वच्छंद रूप से अपने अधिकारों का पूरा सदुपयोग करने का अवसर भी प्रदान करता है। वह एक ओर बंधन है तो दूसरी ओर मुक्ति भी।

(क) उपर्युक्त गद्यांश में अनुशासन को क्या माना गया है? 1

(ख) मनुष्य का परम कर्तव्य किसे माना जाता है? 2

(ग) विद्यालयों में होने वाली हड़तालों का मुख्य कारण क्या है? 2

अथवा

चलना मनुष्य का स्वभाव है। पानी भी चलता है, हवा भी चलती है, समय भी चलता है और मनुष्य भी चलता है। प्राचीन समय में एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचने के लिए मनुष्य मीलों पैदल यात्रा करता था। कई बार यात्रा इतनी लम्बी हो जाती थी कि वर्षों लग जाते थे, मार्ग में यात्री बीमार होकर मर भी जाते थे। फिर पालकियों का प्रयोग किया जाने लगा। इन्हें चार लोग उठाते थे। मगर रास्ते में चलते-चलते थके लोगों की जगह लेने के लिए आठ या बारह लोग साथ में चलते थे। पालकियों का प्रयोग स्त्रियों के लिए किया जाता था। पहिए के आविष्कार ने मनुष्य का जीवन ही बदल दिया। इसके आविष्कार से सर्वप्रथम बैलगाड़ी द्वारा यात्रा सुगम व सस्ती होने लगी। धीरे-धीरे इसी पहिए से मशीन से चलने वाली गाड़ियाँ सड़कों पर दौड़ने लगीं।

(क) चलना किस-किस का स्वभाव है?

(ख) पालकियों का प्रयोग किसके लिए होता था?

(ग) किसके कारण मनुष्य की यात्रा सुगम हो गयी?

PDF Hindustanknowledge.com

~~Ashish~~ Ashish Gupta

11. (क) निम्नलिखित शब्द-युग्मों का सही अर्थ चयन करके लिखिए-

(अ) अम्बुज-अम्बुद 1

(1) बादल और समुद्र (2) जल और कमल

(3) कमल और बादल (4) समुद्र और कमल

(ब) तरणि-तरणी 1

(1) तरना और स्त्री (2) नाव और स्त्री

(3) सूर्य और नाव (4) सूरज और चन्द्रमा

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो अर्थ लिखिए-

(अ) तीर (ब) अलि (स) अंक (द) वर्ण

(ग) निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द चुनिए- 1

(अ) किए गये उपकार को मानने वाला

(1) परोपकारी (2) कृतघ्न (3) कृतज्ञ (4) अपरोपकारी

(ब) जिसका ईश्वर में विश्वास न हो 1

(1) आस्तिक (2) नास्तिक (3) ईश्वरवादी (4) अईश्वरवादी

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए-

(अ) महादेवी वर्मा हिन्दी की प्रसिद्ध कवियित्री है। 1+1=2

(ब) यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है।

(स) ईश्वर के अनेकों रूप है।

(द) हमारी शिक्षिका विद्वान है।

12. (क) 'वीर' अथवा 'करुण' रस की उदाहरण सहित परिभाषा लिखिए। 2

(ख) 'उत्प्रेक्षा' अथवा 'सन्देह' अलंकार की सोदाहरण परिभाषा लिखिए। 2

(ग) 'सोरठा' अथवा 'रोला' छन्द का लक्षण उदाहरण सहित लिखिए। 2

13. नगर में अतिवृष्टि के बाद हुए जल जमाव एवं गंदगी के कारण संक्रमण रोग फैलने की आशंका को ध्यान में रखते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। 6

अथवा

लिपिक पद पर नियुक्ति हेतु इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक को आवेदन-पत्र लिखिए।

14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अपनी भाषाशैली में निबन्ध लिखिए- 9

(क) आजादी का अमृत महोत्सव (ख) एक भारत- श्रेष्ठ भारत

(ग) बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ (घ) प्रदूषण- कारण एवं निवारण

(ङ) विद्यार्थी और अनुशासन

***



PDF Hindustanknowledge.com